जंगली सुअरों को पकड़ने वन विभाग ने लगाए पिंजरे



[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]





रविवार को सारंगढ़ – बिलाईगढ़ जिले में हरिभूमि आईएनएच द्वारा जिला संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय।

# भाजपा-कांग्रेस बोलीं- जिले को विकसित बनाने मिलकर करेंगे प्रयास

रविवार को सारंगढ़ - बिलाईगढ़ जिले में हरिभूमि आईएनएच द्वारा जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान प्रधान संपादक हरिभूमि - आईएनएच डॉ हिमांशु द्विवेदी ने जिले में विकास की संभावनाओं और छग सरकार के तीन साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यो को लेकर प्रभारी मंत्री, शिक्षा मंत्री, समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के अलावा बीजेपी - कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों से सार्थक चर्चा की।



## कांग्रेस सरकार ने किया ठगने का कामः राठिया

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार ने लोगों को ठगने का काम किया था। वादा खिलाफी करने की वजह से लोगों ने उन्हें नकार दिया और 77 सीटों से सीधे 36 सीटों पर उतार दिया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी लेकिन दिया नहीं, अन्य ऐसे कई वादे हैं जो भूपेश बघेल की सरकार ने किया था , लेकिन निभाया नहीं। उन्होंने कहा कि यहां बहुत सारे विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है और विकास कार्य लगातार हो रहे हैं । सारंगढ़ जिले के विकास में किसी तरह की कोई कमी नहीं है।सरकारी प्रक्रिया के तहत कुछ आगे पीछे जरूर होती है लेकिन हमारी सरकार डबल इंजन की सरकार है और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के विकास को लेकर किसी तरह की कोई भी चिंता करने की जरूरत नहीं है । हम लगातार प्रयास कर रहे हैं और विकास के काम लगातार हो रहे हैं। इस दौरान आरोप प्रत्यारोप का भी दौर जमकर चल रहा था।

## स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था में हुआ सुधारः उत्तरी

सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने कहा कि छोटी-छोटी कार्यों के लिए रायगढ़ जाना पड़ता था इससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी। इन्हीं समस्याओं को लेकर चुनाव के दौरान 2018 में उन्होंने जिला बनाने का वादा किया था।

चुनाव जितने और कांग्रेस की सरकार बनने के बाद लगातार उन्होंने प्रयास किया और पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए बिलाईगढ़ को मिलाकर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सौगात दी। जिला गठन होने के बाद अस्पताल स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है लोगों का काम आसानी से हो रहा है , यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने वर्तमान के बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ढाई साल में किसी तरह का विकास नहीं हुआ है । जो विधायक फंड मिलता है उसी से क्षेत्र में काम कर रहे हैं , सरकार की ओर से यहां किसी विशेष योजना के तहत काम नहीं किया जा रहा है। सड़कें जर्जर हैं और कई तरह की दूसरी समस्याएं भी है। कोसीर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक वह पूरी नहीं हो पाई है। अन्य कई घोषणाएं भी आज अधूरी की अधूरी ही हैं । विधायक श्रीमती जांगड़े ने आरोप लगाया कि ढाई साल में केवल घोषणाएं हुई हैं। कोई भी काम पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में ही जिला अस्पताल का उन्नयन हुआ है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी उनकी सरकार ने काफी अच्छा काम किया था ।

## विकास के मुद्दे पर भिड़े भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि

हरिभूमि और आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विकास को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। भाजपा ने जहां जिले में हो रहे विकास कार्यों का हवाला दिया, वहीं कांग्रेस ने सरकार पर जिले के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सभी की चाहत जिले को विकसित जिले के रूप में देखने की रही। इसके लिए राजनीतिक दलों ने आपसी सहयोग की बात भी कही।

हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद में आरोप-प्रत्यारोप के बीच विकास को लेकर सभी दलों ने बताई अपनी-अपनी प्राथमिकता



### काम कर रहे पर कांग्रेसियों को दिखता नहीं : ज्योति पटेल

भाजपा के जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने सारंगढ़ को जिला तो बना दिया, लेकिन विकास के लिए कोई काम नहीं किया। अब भाजपा सरकार मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दे रही है, लेकिन कांग्रेसियों को यह दिखाई नहीं देता। इसी वजह से वे आरोप लगाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गौरव पथ का निर्माण कराया जा रहा है। सामुदायिक भवनों की स्वीकृति मिली है और इन पर तेजी से काम चल रहा है। नालंदा परिसर को भी मंजूरी मिली है। बस स्टैंड में सुविधाओं के विकास और सुधार के लिए अलग से एक करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके नेताओं के बीच आपसी खींचतान बनी रहती है, ऐसे में उन्हें विकास कार्य कहां दिखाई देंगे। जिले में कांग्रेस के दो विधायक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में भाजपा सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी।

### सिर्फ भाजपा का कार्यालय बना : ताराचंद देवांगन

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिले में एक रुपये का भी विकास नहीं हुआ है। यदि कोई काम हुआ है तो वह भाजपा का जिला कार्यालय बनना है। उन्होंने कहा कि जिले में कांग्रेस के दो विधायक हैं और आने वाले चुनाव में भी पूरे क्षेत्र में कांग्रेस की जीत होगी। लोकसभा चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि आठ विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर चुनाव हुआ था। उसमें कहीं न कहीं कमी रह गई होगी। इसे दूर करने के लिए अभी से प्रयास किए जा रहे हैं। देवांगन ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के पिछले ढाई साल में जिले में कोई उल्लेखनीय काम नहीं हुआ। रेत का अवैध उत्खनन जारी है और नशे का कारोबार भी तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक होने के कारण भाजपा सरकार जिले के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जिले के विकास के लिए मिलने वाला बजट रायगढ़ या सरिया चला जाता है।

### जिपं व नपा भी जीतेंगे : संजय भूषण पांडे

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे ने कहा कि अगले चुनाव में भाजपा जिला पंचायत के साथ नगर पालिका का चुनाव भी भारी मतों से जीतेगी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत की कुल 14 सीटों में से 13 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। जिला पंचायत के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महिला स्व-सहायता समूहों को अधिक काम मिल सके, इसके लिए बजट का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क और नाली निर्माण के कार्य भी जिला पंचायत की निधि से कराए जा रहे हैं।

### सारंगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार कर रही भाजपा : सोनी अजय बंजारे

सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे ने भाजपा सरकार पर नगर पालिका के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नगर पालिका के लिए 35 करोड़ रुपये की राशि दी थी, लेकिन भाजपा सरकार में यह राशि लैप्स हो गई। कांग्रेस सरकार के ढाई साल के कार्यकाल में शहर में कई विकास कार्य हुए, लेकिन भाजपा सरकार के ढाई साल में एक भी काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विकास कार्यों को आगे बढ़ने नहीं दे रही है। शहर के लोग परेशान हैं और नगर पालिका बजट की मांग करते-करते थक चुकी है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव पूरा पैसा रायगढ़ को दे रहे हैं। भाजपा को इसका जवाब अगले चुनाव में देना पड़ेगा।




## छोटी-छोटी चीजों के लिए किसान परेशान विकास के लिए खींची जा रही लाइनः कविता

बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि छोटी-छोटी चीजों को लेकर किसान परेशान है युवा बेरोजगार है पेपर लीक हो रही है । उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विकास के लिए एक लाइन खींची जा रही है जो किसी भी जिले की विकास के लिए सही नहीं है ।बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने एक धार्मिक प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण को जन्म तो माता देवकी ने दिया था, लेकिन पालन पोषण माता यशोदा ने किया था। इसी तरह कांग्रेस ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सौगात दी थी अब बीजेपी की डबल इंजन की सरकार है तो गोद लेकर यहां का विकास विशेष तौर पर करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां बिजली बिल, डीजल पेट्रोल की कीमत से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि सड़के जर्जर हैं। बिलाईगढ़ पवनी में बैंक की जरूरत हैं , नहीं होने के कारण दिक्कत हो रही है। अन्य कई तरह की समस्याएं हैं जिनका समाधान जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उनको प्रतिनिधि के रूप में चुना है और उनका फर्ज है कि लोगों की भावनाओं और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरे।

# कलेक्टर बोलीं: रायगढ़ पर निर्भरता होगी खत्म, एसपी ने कहा- व्यापारियों को डरने की जरूरत नहीं

जिला संवाद कार्यक्रम सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि जिले में सभी विभागों का काम एक जगह से हो इसके लिए कंपोजिट बिल्डिंग बनाई जा रही है। रेशम उद्योग को बढ़ावा मिले इसके लिए उद्योग स्थापित किया जा रहे हैं। महिलाओं को इससे जोड़ा जा रहा है। एसपी सुनील शर्मा ने कहा कि नया जिला होने के बाद भी कानून व्यवस्था पर पूरी तरह लगाम है। बल की कमी है जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा।

## कुपोषण रोकने और उद्योग बढ़ाने पर अधिक ध्यानः पद्मिनी

जिले की कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि 4 साल पहले जब जिला बना था तो कई चुनौतियां थी। मेन पावर कम था कार्यालय भी बना रहे थे। अब कम्पोजिट बिल्डिंग बनकर लगभग तैयार है सभी विभाग यहां रहेंगे। इससे बलौदा बाजार और रायगढ़ पर निर्भरता खत्म होगी । भर्तियों का सेटअप भी तैयार किया जा रहा है।

आरटीओ ऑफिस हालांकि अभी रायगढ़ से ही चलेगा लेकिन सप्ताह में दो दिन अधिकारी सारंगढ़ में बैठेंगे। इससे पहले जिला अस्पताल सीएचसी भवन में चल रहा था, अब इसकी नई बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है। मार्च 2027 में इसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। इसके साथ थी अस्पताल में न्यूट्रिशन की खास तौर पर व्यवस्था की गई है ताकि कुपोषित बच्चों का इलाज समय पर हो सके। जिले में कुपोषण की दर भी 12% से घटकर 5% रह गई है। डायलिसिस यूनिट भी चालू की गई है। डॉक्टरों की कमी जरूर है लेकिन इसे निजी अस्पतालों के सहयोग से पूरा कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के तहत स्कूल पहले से खुले हैं उन्हें और बेहतर किया जा रहा है। इस साल जिले के तीन बच्चे मेरिट लिस्ट में आए हैं। हर महीने की 1 तारीख को पुस्तक वाचन दिवस मनाया जाता है। अधिकारियों को निर्देश है कि वह एक स्कूल को गोद लेकर वहां सप्ताह में एक दिन कक्षाएं लें। स्कूलों में बिल्डिंग और शौचालय पर अधिक काम चल रहा है। किचन शेड भी बनाया जा रहा है। मध्याह्न भोजन के साथ लकड़ियां हटाकर एलपीजी सिलेंडर देने की योजना पर भी काम चल रहा है। इसके अलावा नीट और इंजीनियरिंग की कोचिंग निशुल्क रहे इसकी व्यवस्था की गई है। जिले में हर साल फॉरेन टूरिस्ट्स पहुंचते हैं यहां के पर्यटन को विस्तार दिया जा रहा है। हैंडलूम सेक्टर में भी यह जिला फास्ट ग्रोइंग है। इसलिए कंडोला और दूमलपाली में इसके लिए अलग से स्थल चयन किया गया है। तालाबों को संरक्षण करने की दिशा में सबसे अधिक काम किया जा रहा है। यहां के कुल 9 तालाब ऐतिहासिक रहे हैं। उन तालाबों में पानी अधिक से अधिक हो इसके लिए योजना बनाई गई है। इसके किनारे जो कब्जा किया गया है उसे तोड़ा जाएगा।

## सूखे नशे पर नियंत्रण की पूरी कोशिशः शर्मा



जिले के पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा का कहना है कि जिले में सूखे नशे के साथ ही शराब के नियंत्रण की पूरी कोशिश जारी है। इसमें काफी हद तक सफलता भी मिली है और अपराधियों पर नियंत्रण हुआ है। नए जिले के हिसाब से काफी काम हुआ है और कानून व्यवस्था की स्थिति लगभग पूरी तरह नियंत्रण में है। स्टाफ की कमी जरूर है लेकिन उसे नई भर्तियों के बाद पूरा होने की उम्मीद है।

जिले में 10 थाने और दो चौकी है जो की पुरानी बिल्डिंग में चल रहे हैं। उनके लिए नई व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों में पुलिस का भय होना जरूरी है इसलिए अधिक सख्ती बरती जाती है लेकिन इससे व्यापारियों को डरने की जरूरत नहीं है। नियम और कायदे के हिसाब से जो भी काम होगा पुलिस उसे सहयोग जरूर करेगी। कानून का उल्लंघन करने पर सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि शराब महुआ यहां का कल्चर रहा है अब लेकिन जैसे-जैसे लोग शिक्षित हो रहे हैं इस पर खुद ही नियंत्रण हो रहा है। यह जिला ट्रांसिट रूट है इसलिए ओडिशा से यहां सबसे अधिक गांजा आता है जो कि दूसरे जिलों और राज्यों में पहुंचता है। हालांकि इसका असर इस जिले पर भी है इसलिए ही पुलिस की निगाह इस पर अधिक रहती है। सितंबर में 35 आरोपियों पर कार्रवाई की गई और 3 करोड़ का गांजा जप्त किया गया था। 65% पुलिस बल खाली है। इसका असर जरूर पड़ता है। एसपी के मुताबिक रेत का अवैध खनन लगभग नहीं के बराबर है कुछ पुरानी शिकायतें हैं जिस पर कार्रवाई होती है। रेत घाट की नीलामी की प्रक्रिया जिला प्रशासन और खनिज विभाग के माध्यम से हो रही है। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति के लिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की।

## खबर संक्षेप

### सेवा संकल्प अभियान बाघाडोला में लगा शिविर

**रायगढ़।** सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत बाघाडोला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं और आवेदनों का निराकरण किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित अपनी आवश्यकताओं एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्रतानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं निराकरण की प्रक्रिया की गई। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें शासकीय सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शिविर में बी-1 और आबादी पट्टे वितरित

**रायगढ़।** सेवा संकल्प अभियान के तहत तहसील खरसिया के ग्राम मुरा में आज सेवा संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविंद्र गबेल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में फौती नामांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्रामीणों को अद्यतन बी 1 की प्रतियां वितरित की गईं। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व आबादी पट्टे भी प्रदान किए गए। शिविर के माध्यम से 19 ग्रामीणों को अधिकार अभिलेख संबंधी दस्तावेज मौके पर ही उपलब्ध कराए गए। इससे ग्रामीणों को राजस्व अभिलेख प्राप्त करने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ी और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिली। इसी प्रकार हर घर मुनगा घर घर मुनगा अभियान के तहत 5 हितग्राहियों को मुनगा पौधा का वितरण किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नाटक के माध्यम से दिया नशामुक्त भारत का संदेश



**रायगढ़।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत आज सिंदूर पार्क परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। यह आयोजन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय तथा चक्रधर बालिका गृहए रायगढ़ के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे की लत से व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को जीवंत प्रस्तुति के जरिए सामने रखा। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने युवाओं को नशे से दूर रहनेए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने संवाद एवं अभिनय के माध्यम से नशे के कारण होने वाली सामाजिक और पारिवारिक परेशानियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रस्तुति को ध्यानपूर्वक देखा और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित हुए। कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने सहभागिता निभाई। उपस्थित नागरिकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## आरपीएफ बैरक मार्ग होगा विकसित, सड़क बनाने समतलीकरण का काम का शुरू

# 160 मीटर बाउंड्री हटाकर सड़क निर्माण शुरू, शहर को मिलेगा नया ट्रैफिक रूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में नगर निगम ने बड़पारा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। आरपीएफ बैरक की करीब 160 मीटर लंबी बाउंड्रीवाल को हटाकर प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए रास्ता साफ कर दिया गया है। इसके साथ ही सड़क के लिए जमीन के समतलीकरण का काम भी शुरू हो गया है।

नगर निगम के प्रस्ताव के अनुसार यहां करीब 6 मीटर चौड़ी सड़क विकसित की जाएगी। सड़क बनने के बाद नदी पार क्षेत्र से रेलवे स्टेशन की ओर आने-जाने वाले लोगों को एक नया वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा। इससे इतवारी बाजार, सिंधी कॉलोनी, चक्रधर नगर, बोइरदादर, केलो विहार, टीवी टावर और पहाड़ मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में नदी पार क्षेत्र से रेलवे स्टेशन जाने के लिए लोगों को अग्रसेन चौक, सुभाष चौक और बेटी बचाओ चौक जैसे प्रमुख मार्गों का इस्तेमाल करना पड़ता है। इसके अलावा सुभाष चौक से निर्मल लॉज की ओर जाने वाला मार्ग भी एक प्रमुख विकल्प है। प्रस्तावित बड़पारा आरपीएफ बैरक मार्ग विकसित होने के बाद तुलसी होटल की ओर से ओवरब्रिज के नीचे होते हुए रेलवे स्टेशन तक पहुंचने का अतिरिक्त रास्ता उपलब्ध होगा। इससे यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग मिलने के साथ प्रमुख चौराहों पर वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिल सकती है। क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को देखते हुए नगर निगम द्वारा पहले ही नाली का निर्माण कराया जा चुका है। अब बाउंड्रीवाल हटने के बाद सड़क निर्माण की दिशा में अगला चरण शुरू किया गया है। सड़क की पर्याप्त चौड़ाई सुनिश्चित करने के लिए निगम प्रशासन आसपास के निजी भू-स्वामियों से भी चर्चा कर रहा है।



### सड़क बनने से ये होंगे प्रमुख बदलाव

आरपीएफ बैरक की करीब 160 मीटर बाउंड्री हटने से सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। करीब 6 मीटर चौड़ी सड़क विकसित करने की तैयारी चल रही है। इससे रेलवे स्टेशन के लिए नया वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। नदी पार क्षेत्र के लोगों को आवागमन का अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। इसके अलावा सुभाष चौक, बेटी बचाओ चौक और निर्मल लॉज मार्ग पर यातायात दबाव कम करने में मदद मिलेगी। यात्रियों के लिए दूरी और समय बचाने वाला मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। नाली निर्माण के बाद क्षेत्र में सड़क और जल निकासी की आधारभूत सुविधा को एक साथ बेहतर किया जाएगा।

### मुख्य मार्गों पर घटेगा यातायात का दबाव

नगर निगम प्रशासन का कहना है कि शहर में बढ़ती यातायात आवश्यकताओं को देखते हुए नए वैकल्पिक मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। बड़पारा आरपीएफ बैरक मार्ग भी इसी योजना का हिस्सा है। इसके तैयार होने से नदी पार क्षेत्र के लोगों को रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा और मौजूदा व्यस्त मार्गों पर यातायात का दबाव कम करने में सहायता मिल सकती है।



## आंगन मिलन सेवा में वित्त मंत्री ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवा संकल्प अभियान के तहत रायगढ़ के राजापारा सेक्टर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र इंदिरानगर-ए में आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों का अवलोकन किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने 3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, 3 सहायिकाओं और 3 मितानिनों को शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान 5 बच्चों ने बालगीत की प्रस्तुति दी। दो हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं से मिले लाभ और अपने अनुभव साझा किए। वहीं 5 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी संपन्न कराई गई। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पीएम के 25 वर्ष के सेवाकाल के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सेवा कार्यों को जनभागीदारी से जोड़ते हुए जरूरतमंदों तक शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा का आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं के पोषण और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने अभियान में अधिक से अधिक सामुदायिक सहभागिता की अपील की। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अरुण पाण्डेय ने बताया कि आंगन मिलन सेवा के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के केंद्र के रूप में मजबूत किया जा रहा है।

### गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की सहयोग की अपील

## गौ सेवकों ने लिया गौ सेवा संरक्षण का संकल्प



**सरिया।** गौ सेवा सम्मान आह्वान छत्तीसगढ़ के प्रभारी एवं राजस्थान से पधारे गौ भक्त संत भरत महाराज का सरिया आगमन हुआ। नगर पंचायत सरिया के सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में गौ सेवकों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। संत के मार्गदर्शन में क्षेत्र के गौ सेवकों ने गौ सेवा, गौ संरक्षण और गौ रक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में संत भरत महाराज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इन आयोजनों में समाज की सक्रिय भागीदारी और सहयोग को जरूरी बताया। संत के आशीर्वचन के बाद गौ सेवकों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने गौ सेवा एवं गौ रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। संत भरत महाराज ने कहा कि सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति में गाय को गौ माता का दर्जा दिया गया है। गाय मानव जीवन के लिए अनेक रूपों में उपयोगी है। उन्होंने दूध, दही, घी, गोबर और गोमूत्र से बनने वाले पंचगव्य के धार्मिक, कृषि एवं पारंपरिक उपयोगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को बिना किसी स्वार्थ के मानव जीवन के लिए उपयोगी माना गया है। गौ संरक्षण और सेवा सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने गौ माता से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष स्थान रहा है। सरिया में करीब डेढ़ घंटे तक रहे संत भरत महाराज ने गौ संरक्षण के कार्यों में समाज की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में गौ रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में गौ सेवा से जुड़े कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।

### एबीवीपी-विहिप व बजरंग दल का प्रदर्शन, प्राचार्य के इस्तीफे और शिक्षिका पर एफआईआर की मांग

## रक्षासूत्र काटने को लेकर बवाल परीक्षा केंद्र का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा के दौरान शहर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चांदमारी स्थित परीक्षा केंद्र में रक्षासूत्र काटने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। परीक्षा देने पहुंची एक छात्रा ने रक्षासूत्र काटने का विरोध किया, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। परीक्षा समाप्त होने के आसपास इसकी जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तक पहुंची। इसके बाद संगठनों के सदस्य स्कूल परिसर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, परीक्षा के दौरान रक्षासूत्र काटने को लेकर छात्रा और संबंधित महिला शिक्षिका के बीच विवाद हुआ था। छात्रा के विरोध के बावजूद परीक्षा केंद्र में उसे अपनी जिम्मेदारी पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई। हालांकि, इस घटनाक्रम की जानकारी सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताई और स्कूल परिसर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित महिला शिक्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और प्राचार्य के इस्तीफे की मांग उठाई। संगठनों के कार्यकर्ता करीब तीन घंटे तक स्कूल परिसर में विरोध जताते रहे। बाद में वे संबंधित शिक्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर कोतवाली थाने भी पहुंच गए। समाचार लिखे जाने तक यह प्रदर्शन चलता रहा। प्रदर्शन कर रहे संगठनों का कहना है कि जब तक संबंधित शिक्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की जाती, तब तक वे स्कूल परिसर से बाहर नहीं जाएंगे। इस दौरान प्राचार्य के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई। मामले को लेकर स्कूल परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।



### मौके पर पुलिस बल तैनात

विवाद बढ़ने के बाद मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस की मौजूदगी में प्रदर्शन जारी रहा और स्थिति पर नजर रखी गई। परीक्षा केंद्र में रक्षासूत्र काटने को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई और प्राचार्य के इस्तीफे की मांग तक पहुंच गया है।

## कोलता समाज का नुआखाई भेंटघाट व प्रतिभा सम्मान



**रायगढ़।** कोलता समाज संभाग रायगढ़ की ओर से आगामी 15 अक्टूबर को संत पूज्य प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में नुआखाई भेंटघाट एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर समाज के 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 100 से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कोलता समाज संभागीय अध्यक्ष रत्थूलाल गुप्ता के निर्देश पर रायगढ़ संभाग के आठों अंचलों में बैठकें आयोजित की गईं। बीते तीन दिनों के दौरान रायगढ़, तमनार, पुसौर, सरिया, घरघोड़ा, धर्मजयगढ़, लैलूंगा और कोठीखोल अंचल में संभागीय पदाधिकारियों के प्रभार में बैठकें संपन्न हुईं। बैठकों में 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले नुआखाई भेंटघाट एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर समाज के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों से चर्चा की गई। अंचलवार बैठक प्रभारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में उत्साह है।

## बूढ़ी माई मंदिर परिसर में चला सफाई अभियान महापौर समेत जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

**रायगढ़।** सेवा ही संकल्प अभियान के तहत नगर निगम प्रशासन ने बूढ़ी माई मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू सहित एमआईसी सदस्य, पार्षद, निगम अधिकारी कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिकों ने श्रमदान किया।

सफाई अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने झाड़, पंजा और तसले की मदद से मंदिर परिसर, पचरी और तालाब के आसपास सफाई की। मंदिर से लगे पचरी तालाब में जमा विसर्जित नारियल, कलश, फूल माला और अन्य पूजन सामग्री को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। अभियान के दौरान करीब 4 ट्रैक्टर ट्रॉली मलबा हटाया गया। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि बूढ़ी माई मंदिर शहर की आस्था का प्रमुख केंद्र है। धार्मिक स्थलों की स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहींए बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर और तालाब में पूजन सामग्री व कचरा नहीं डालने की अपील की। सभापति डिग्री लाल साहू ने कहा कि आस्था के प्रमुख स्थलों को स्वच्छ और सुंदर रखना सभी का दायित्व है। सफाई से मंदिर परिसर और आसपास का वातावरण बेहतर हुआ है तथा श्रद्धालुओं को भी स्वच्छ वातावरण मिलेगा। अभियान में एमआईसी सदस्य पंकज कंकरवाल, अशोक यादव, पूनम सोलंकी, मुक्तिनाथ बबुआ सहित अन्य जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी कर्मचारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



## संतानों की खुशहाली के लिए माताओं ने रखा व्रत



**पुसौर।** सनातन परंपरा में परिवार की खुशहाली और संतानों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा कई कठिन व्रत-उपवास किए जाते हैं। इन्हीं में से एक है पोजुंतिया अथवा पुत्रजीवित्का व्रत, जिसे संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना से रखा जाता है। पुसौर नगर के हटरी चौक में शनिवार को पितृपक्ष के बीच यह पावन व्रत पारायण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम पं. गुणनिधि सतपथी के आचार्यत्व में आयोजित किया गया। इस आयोजन में आसपास के करीब पांच वार्डों की व्रती माताओं ने हिस्सा लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार हटरी चौक में पोजुंतिया पारायण की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। यह परंपरा कब से शुरू हुई, इसकी निश्चित जानकारी किसी के पास नहीं है, लेकिन हर वर्ष इसी स्थान पर नियमित रूप से आयोजन होता आ रहा है। वार्ड पार्षद एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव ने बताया कि विशेष परिस्थितियों में कभी-कभी आयोजन के आचार्य बदल जाते हैं, लेकिन वर्षों से चली आ रही पोजुंतिया पारायण की परंपरा लगातार कायम है। आसपास के वार्डों की माताएं श्रद्धा के साथ हर वर्ष इस आयोजन में शामिल होती हैं।

## बंजारी धाम में नवरात्र की तैयारियों को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जिले के सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय नवरात्र पर्व एवं 72वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन की तैयारियों को लेकर शनिवार, 3 अक्टूबर को बैठक आयोजित की गई। घरघोड़ा एसडीएम प्रवीण तिवारी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में हुई बैठक में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक रामकिंकर यादव, मंदिर समिति के सदस्य, कार्यकर्ता, औद्योगिक प्रतिनिधि, स्थानीय सेवक एवं दानदाता मौजूद रहे।

बैठक में नवरात्र पर्व के दौरान दर्शन, पूजन, प्रसाद वितरण, भंडारा, पार्किंग, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी, अनुशासन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारियां भी तय की गईं। मां बंजारी धाम में नवरात्र पर्व के तहत 10 अक्टूबर को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। 11 अक्टूबर से मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन प्रारंभ होगा। 19 अक्टूबर को संधि पूजन, दुर्गा अष्टमी एवं रात्रि हवन-पूजन तथा 20 अक्टूबर को महानवमी के अवसर पर विशाल हवन-पूजन, कन्या भोज और महाभंडारा आयोजित किया जाएगा। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन प्रसाद वितरण के साथ दोपहर और आरती के बाद रात्रि भोजन भंडारे की व्यवस्था रहेगी। शांति, अनुशासन, सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था थाना पूंजीपथरा के साथ रायगढ़ पुलिस द्वारा संभाली जाएगी। जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था वन विभाग तमनार तथा स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की व्यवस्था बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार द्वारा की जाएगी। पूजा-पाठ की व्यवस्था मंदिर समिति के पंडितों द्वारा की जाएगी।

## ग्राम टारपाली में रिफॉर्म उत्सवः ग्रामीणों को दी ऑनलाइन राजस्व सेवाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में रिफॉर्म उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने और सार्वजनिक सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान करने के उद्देश्य से किए जा रहे डिजिटल भू-अभिलेख सुधारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

रिफॉर्म उत्सव को 2 अक्टूबर से शुरू हुए पीपल्स प्लान कैंपेन 'सबकी योजना, सबका विकास' के तहत आयोजित ग्राम सभाओं के साथ जोड़ा गया है। अभियान के अंतर्गत ग्राम सभाओं में राजस्व विभाग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को डिजिटल भू-अभिलेखों की उपलब्धता, ऑनलाइन राजस्व सेवाओं, अभिलेखों में पारदर्शिता और इन सेवाओं से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी सरल भाषा में दी जा रही है। ग्राम सभाओं में डिजिटल भू-अभिलेख सुधारों पर आधारित लघु फिल्म और वीडियो क्लिप का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में तहसील रायगढ़ अंतर्गत ग्राम टारपाली में आयोजित ग्राम सभा में रिफॉर्म उत्सव के तहत राजस्व विभाग की सहभागिता रही।







# दृश्यम 3: बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका...

**मुंबई।** अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' ने सिनेमाघरों में आते ही बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान मचाया है कि बड़े-बड़े रिकॉर्ड पीछे छूट गए। अभिषेक पाठक के डायरेक्शन में बनी 'दृश्यम 3' 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर रिलीज हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन भारत में 66.75 करोड़ रुपए नेट कलेक्शन किया है। वहीं इसका इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 80.10 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। विदेशों में फिल्म ने करीब 15 करोड़ रुपए कमाए हैं। इस तरह फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन पहले दिन ही 95.10 करोड़ रुपए हो गया।

## लाइफ Style

# यामी

## पॉजिटिव रिस्पॉन्स से खुश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ती जा रही है। दशहरा के मौके पर 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर के ट्रेलर को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पॉन्स से एक्ट्रेस भी काफी खुश हैं।

इसी बीच यामी अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचीं, जहां फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। फिल्म में फैंटेसी, ह्यूमर और एक्शन के साथ भारतीय परिवारों से जुड़े कई ऐसे पहलुओं को दिखाया गया है, जिनसे दर्शक खुद को जोड़ सकेंगे। पटना पहुंचने पर यामी गौतम धर का फैंस ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों से मिले प्यार को देखकर काफी खुश नजर आईं। इस दौरान उन्होंने फैंस के साथ फिल्म के ट्रेलर को मिल रहे रिस्पॉन्स का जश्न मनाया और उनका आभार जताया। 'नई नवेली' के ट्रेलर में यामी एक अलग और पहले से हटकर अंदाज में नजर आ रही हैं, जिसे लेकर दर्शकों के बीच फिल्म को देखने की उत्सुकता बनी हुई है।

फिल्म प्रमोशन के बीच यामी गौतम धर ने पटना साहिब गुरुद्वारे में भी मत्था टेका। यहां उन्होंने कुछ वक्त शांति के साथ बिताया और फिल्म की रिलीज से पहले आशीर्वाद लिया। पवित्र स्थल पर पहुंचकर यामी ने आभार व्यक्त किया। पटना दौरे के दौरान एक्ट्रेस का फैंस के साथ जुड़ना और गुरुद्वारे में दर्शन करना उनके प्रमोशनल सफर का खास हिस्सा रहा।



## हॉलीवुड मसाला



# कानूनी पचड़े में फंसी सिंगर...

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगा है। यह आरोप उनके गाने 'आई हैव सीन इट' को लेकर लगाया गया है। इसे लेकर वे कानूनी मुसीबत में घिर गई हैं। ओलाविया पर आरोप है कि उन्होंने बिल विथर्स के गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस' की नकल की है। सिंगर ओलिविया डीन पर एक म्यूजिक पब्लिशर ने आरोप लगाया है कि 'आई हैव सीन इट' गाने में बिल विथर्स के 1981 के मशहूर गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस के कुछ हिस्सों की नकल की गई है।



# वर्ल्ड वॉर जेड के सीक्वल की तैयारी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रैड पिट के फैंस के लिए खुशखबरी है। उनकी 2013 की सुपरहिट हॉरर-एक्शन फिल्म 'वर्ल्ड वॉर जेट' के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। ब्रैड पिट एक बार फिर जॉम्बीज से जंग लड़ते नजर आने वाले हैं। 62 साल के एक्टर इस फिल्म में एक बार फिर गेरी लेन के किरदार में वापसी करेंगे। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट' और 'कॉनस्लेव' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर एडवर्ड बर्गर इसकी कमान संभालेंगे। पैरामाउंट पिक्चर्स इस लंबे समय से अटके प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रही है। 'वर्ल्ड वॉर जेड' के सीक्वल का सफर काफी लंबा रहा है। इससे पहले डेविड फिंचर के साथ फिल्म का एक वर्जन तैयार किया जा रहा था, लेकिन 2019 में वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



# कोमल रानी ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** एक्टर गोविंदा और एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार इन दिनों अपने कथित अफेयर को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है, जिसके बाद उनके अफेयर की चर्चाएं तेज हो गईं। इस मामले में दिव्या खोसला और कश्मीरा शाह समेत कुछ सेलेब्स ने भी सुनीता आहूजा का सपोर्ट करते हुए कोमल रानी पर सवाल उठाए थे। अब एक्ट्रेस ने पहली बार इन तमाम बातों पर खुलकर जवाब दिया है। कोमल रानी ने गोविंदा के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'रूपा' का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों का साथ नजर आना काम का हिस्सा है। कोमल रानी ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा कि वह और गोविंदा साथ काम कर रहे हैं और आगे भी साथ नजर आएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर किसी को इससे परेशानी है तो वह जल सकता है।




# अर्जुन की थ्रिलर फिल्म का हुआ ऐलान

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने 'धुरंधर' में मेजर इकबाल का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब उनके चाहने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, एक्टर की नई थ्रिलर फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम '3 मंकीज' है। फिल्म में अर्जुन रामपाल के साथ विशाल जेठवा, मुस्तफा बर्मावाला और तेनजिन दल्हा भी नजर आने वाले हैं और इसका निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया है। '3 मंकीज' का कैंपेन 'थ्री वाइज मंकीज' की मशहूर सोच को आज के समय के हिसाब से नए अंदाज में पेश करता है। मोशन पोस्टर में फिल्म के मुख्य किरदारों की झलक दिखाई गई है, लेकिन कहानी को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।'3 मंकीज' को अल्लारखा वोहरा, फारूक वोहरा और सईद वोहरा ने प्रोड्यूस किया है।

## टीवी मसाला

# अफवाहें फैलाने वालों पर तंज बोलीं- मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं

**मुंबई।** शहनाज गिल अपने बेबाक और मजाकिया अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर फैंस के बीच काफी दिलचस्पी रहती है। यही वजह है कि उनके बारे में अक्सर अफवाहें और कई तरह की खबरें सामने आती रहती हैं। कभी उनके लिंकअप की खबरें आती हैं तो कभी उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। हालांकि, शहनाज इन बातों को गंभीरता से लेने के बजाय मजाकिया अंदाज में जवाब देती हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान शहनाज ने अपने बारे में छपने वाली खबरों और सुर्खियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वह समझ सकती हैं कि ऐसी खबरें बनाने वालों का मकसद क्या होता है। शहनाज के मुताबिक, लोगों को खबरें बेचने के लिए कभी-कभी खराब या चटपटी हेडलाइन का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, जो लोग हेडलाइन बनाते हैं, मैं उनका इरादा समझ सकती हूं। उन्हें व्यूज चाहिए, वरना वो बेचारे न्यूज कैसे बेचेंगे अगर खराब हेडलाइन नहीं लगाएंगे। अगर मेरी जुबान फिसल गई और वो हेडलाइन बन गई, तो मैं बस दुआ करती हूं कि बेचारे को मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं। इतनी अच्छी बातों से तो कुछ फायदा नहीं हुआ है, पर किसी का तो भला हो।"





# 5 साल बाद पर्दे पर की वापसी

**मुंबई।** अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी एक बार फिर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही हैं। वह फिल्ममेकर कपिल कौस्तुभ शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' में नजर आएंगी। फिल्म में तनीषा ऐसा किरदार निभा रही हैं, जो जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से गुजरता है। फिल्ममेकर कपिल ने तनीषा की तारीफ करते हुए कहा कि इस किरदार के लिए उन्हें एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत थी, जो कहानी में भावनाओं की गहराई और संवेदनशीलता ला सके। कपिल कौस्तुभ शर्मा ने कहा, तनीषा एक ऐसी एक्टर हैं, जिनमें एक खास तरह की भावनात्मक समझ है और इस किरदार के लिए यह बहुत जरूरी थी। कहानी जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से होकर गुजरती है और मैं चाहता था कि इस सफर को कोई पूरी ईमानदारी और गहराई के साथ पर्दे पर उतारे। 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' की कहानी मुंबई की पारसी कम्युनिटी के बीच सेट है। फिल्म 1990 के दशक से लेकर साल 2025 तक का दौर दिखाती है। इसमें रोमांस, ह्यूमर और इमोशन्स का मेल देखने को मिलेगा।

# 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** परिणीति चोपड़ा एक इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर में नजर आने वाली हैं। थ्रिलर फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर अब आ गया है। ध्रुव त्रिपाठी के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म अवैध रेत खनन पर आधारित है और फिल्म में एक रिपोर्टर और उसके कैमरामैन की कहानी देखने को मिलेगी, जिन्हें एक दुखद घटना की जांच के दौरान एक खौफनाक सच्चाई का पता चलता है। मेकर्स ने हाल ही में 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर जारी किया है। 2 मिनट 2 सेकंड लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक जानलेवा घटना के साथ होती है, जो एक महत्वाकांक्षी रिपोर्टर संध्या और उसके कैमरामैन विनोद का ध्यान अपनी तरफ खींचती है। फिल्म में पत्रकार की भूमिका में परिणीति चोपड़ा और कैमरामैन के रोल में देवेन भोजानी नजर आएंगे। दोनों अवैध रेत खनन से जुड़ी दुखद घटना की जांच में लगे होते हैं और जैसे-जैसे वह मामले की गहराई में जाते हैं और ताकतवर लोगों से सवाल-जवाब करते हैं, हालात खतरनाक हो जाते हैं। हर एक जवाब एक नया सवाल खड़ा करता है, जिससे दोनों और अधिक जोखि में फंसते जाते हैं।



# 'मैं ना रहा मेरा' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'मैं ना रहा मेरा' के मेकर्स ने इसका नया गाना 'शायद' रिलीज कर दिया है। अध्ययन सुमन और दिविता राय पर फिल्माए गए इस गाने को रेखा भारद्वाज ने अपनी आवाज दी है। रेखा भारद्वाज ने बताया कि इस गाने की सबसे खास बात उन्हें इसकी सादगी लगी। 'शायद' के बारे में बात करते हुए रेखा भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए यह गाना शब्दों के पीछे छिपी भावनाओं को समझने के बारे में है। गाने के बोल में एक खास तरह की संवेदनशीलता है और राहुल नायर की धुन उस भावना को खुलकर सामने आने की जगह देती है। मैं चाहती थीं कि मेरी आवाज ऐसी लगे जैसे कोई व्यक्ति सच में अपने दिल की बात कह रहा हो। मुझे खास तौर पर गाने की सादगी काफी पसंद आई है। इसी सादगी की वजह से गाना असरदार तरीके से बन पाया है। उन्होंने कहा, गाना उन भावनाओं को सामने लाता है जिन्हें अक्सर शब्दों में कहना आसान नहीं होता। प्यार के साथ आने वाली अनिश्चितता, किसी के लिए तड़प और दिल की कमजोरी को गाने में बेहद सहज तरीके से दिखाया गया है।



# फ्रीडा ने दी करियर बदलने की सलाह

मुंबई। हरलीन सेठी के एक्टिंग करियर की शुरुआत डांस से हुई। वह डांस करती थीं और सिखाती भी थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात 'स्लमडॉग मिलेनियर' फेम अभिनेत्री फ्रीडा पिंटो से हुई। फ्रीडा ने हरलीन से डांस की कुछ पर्सनल क्लासेस ली थीं। इसी दौरान उन्होंने हरलीन से एक्टिंग में आने के बारे में पूछा। फ्रीडा उस वक्त फिल्म 'डेजर्ट डांसर' की तैयारी कर रही थीं। उन्हें अपने बॉडी मूवमेंट और परफॉर्मेंस पर काम करना था। इसके लिए उन्होंने हरलीन से ट्रेनिंग ली। हरलीन ने बताया।

# बॉक्स ऑफिस पर मनेगी दिवाली, सिनेमाघरों में धमाका करेंगी ये फिल्में

*साल 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया। कई रिकॉर्ड हासिल करने के बाद यह कमाई के मामले में हिंदी भाषा की नंबर 1 फिल्म बन चुकी है। अगस्त में रिलीज हुई बेहद कम बजट की 'हनुमान अंश' ने तो चौंका ही दिया है। साल अभी खत्म नहीं हुआ है। पिक्चर अभी बाकी है। शेष तीन महीनों- अक्टूबर-नवंबर और दिसंबर में कई और बड़ी फिल्में रिलीज की कतार में हैं।*

### उड़ता तीर
**रिलीज डेट: 9 अक्टूबर**

आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, राहुल बोस और राम कपूर जैसे सितारों से सजी यह फिल्म अपने ट्रेलर रिलीज के बाद खूब चर्चा में है। यह एक स्पाई कॉमेडी फिल्म है। आयुष्मान खुराना पाकिस्तानी जासूस की भूमिका में है।

### 'प्रहार: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ उज्जवल निकम'
**रिलीज डेट: 16 अक्टूबर**

राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता फिल्म में भारत के एक मशहूर और जाने-माने विशेष लोक अभियोजक उज्जवल निकम की मुख्य भूमिका में हैं। उनके अलावा, ललित प्रभाकर आतंकवादी कसाब के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों पर आधारित है। अविनाश अरुण निर्देशित यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



**नई नवेली :** अक्टूबर में दशहरे पर यामी गौतम एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज देने वाली हैं। उनकी फिल्म 'नई नवेली' फैमिली ड्रामा से भरपूर है। इसमें हॉरर का तड़का है। आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान बालाजी मोहन ने संभाली है।

**पायर :** नेशनल अवॉर्ड विजेता विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' अब सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। उत्तराखंड में शूट हुई यह फिल्म एक बुजुर्ग दंपति के प्यार, अकेलेपन और बच्चों के पलायन के बाद उनके इंतजार की कहानी दिखाती है। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को रिलीज होगी।

**काली खेती :** जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अभिनीत फिल्म 'काली खेती' भी रिलीज की कतार में है। यह एक रूरल हॉरर फिल्म है। फिल्म के निर्देशक और लेखक हारिस इम्तियाज खान हैं। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिल्म रिलीज डेट: 23 अक्टूबर।

**रामायण पार्ट 1 :** यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। नितेश तिवारी की यह मेगा बजट फिल्म दिवाली के अवसर पर इस साल दस्तक देने जा रही है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं। साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। रवि दुबे लक्ष्मण बने दिखेंगे। रिलीज डेट: 6 नवंबर 2026।

**ये प्रेम मोल लिया :** सूरज बड़जात्या पारिवारिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। अनुपम खेर भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। रिलीज डेट: 27 नवंबर।

**ईठा :** श्रद्धा कपूर अभिनीत इस फिल्म की भी काफी चर्चा है। यह इस साल दिसंबर में दस्तक देगी। इसका टीजर काफी पसंद किया गया। फिल्म 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लावणी सामज्ञी कलाकार विठाबाई नारायणगावकर के जीवन पर आधारित है। श्रद्धा इस फिल्म में बिठाबाई के किरदार में नजर आएंगी। रिलीज डेट: 04 दिसंबर।

## खबर संक्षेप

### युवक ने किसान पर बांस के डंडे से किया हमला

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़पाली में शराब के नशे में एक युवक द्वारा ग्रामीण पर बांस के डंडे से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में हलधर गुप्ता के सिर और दोनों घुटनों में चोटें आई हैं। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोड़पाली निवासी जालंधर गुप्ता खेती-किसानी का काम करते हैं। बीते दिनों उनका छोटा भाई हलधर गुप्ता स्कूल टिकरा से लगे खेत में फल्ली की फसल उखाड़कर अकेले घर लौट रहा था। शाम करीब 6:15 बजे वह गांव में तेजराम गुप्ता की मुर्रा मिल के सामने पहुंचा था। इसी दौरान गांव का संजय भोय उर्फ भूरू शराब के नशे में वहां पहुंचा और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। संजय भोय ने हलधर को जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे बांस के डंडे से उसके सिर और दोनों पैरों के घुटनों पर वार कर दिया। मारपीट में हलधर गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसके सिर से खून निकलने लगा और वह अचेत हो गया। होश में आने के बाद हलधर घर पहुंचा और अपने बड़े भाई को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी पुसौर लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। जालंधर गुप्ता ने मामले की रिपोर्ट पुसौर थाने में दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला घायल

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक महिला घायल हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार कराया गया। मामले में महिला के बेटे की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, चोपड़ा गली दरोगापारा निवासी राजेश्वर चौधरी की मां हेमकांति चौधरी बीते दिनों दवाई लेने के लिए सिविल लाइन स्थित रजा मेडिकल स्टोर्स गई थीं। दवाई लेकर पैदल घर लौटते समय वह कालीबाड़ी के पास पहुंची थीं। इसी दौरान नटवर स्कूल की ओर से आ रहे एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने कथित तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें सामने से टक्कर मार दी ।

### बाइक समेत नहर में गिरा युवक पार्षदों ने कूदकर बचाई जान

**जांजगीर-चांपा।** सैनिक विहार बड़े नहर के सामने ग्राम कुटरा निवासी जय दिग्रास्कर बाइक समेत नहर में जा गिरे। इस दौरान वहां से गुजर रहे वार्ड क्रमांक 24 के युवा पार्षद अजीत गढ़वाल, पार्षद अमित यादव और उनके साथियों ने उसे नहर से बाहर निकाला।
ज्ञात हो कि सैनिक विहार के सामने कुटरा निवासी जय दिग्रास्कर बाइक समेत नहर में जा गिरा। वहां से गुजर रहे पार्षद अजीत गढ़वाल एवं अमित यादव सहित साथियों ने नहर में उतरकर युवक को बाहर निकालने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद जय दिग्रास्कर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। समय रहते किए गए इस प्रयास से युवक की जान बच सकी। घटना के दौरान पार्षदों ने जिस तत्परता और साहस के साथ युवक की मदद की, उसकी मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर सराहना की। लोगों का कहना है कि संकट की घड़ी में अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना किसी की जिंदगी बचाने के लिए आगे आना ही सच्ची मानवता है।

### युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, साहित्यिक, नवाचार, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन, कला एवं संगीत तथा लोककला सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से 'युवा रत्न सम्मान योजना' संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## 50 फीसदी अमले से चल रहा काम, इसलिए फॉल्ट सुधारने में लग रहे घंटों

# शहर बढ़ा, विद्युत विभाग का अमला नहीं, 30 अनुभवी लाइनमैन के भरोसे 2 लाख उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। करीब 2 लाख से अधिक कनेक्शन वाले शहर में बिजली आपूर्ति बनाए रखने और तकनीकी खामियों को दूर करने की जिम्मेदारी महज 30 अनुभवी लाइनमैनों के कंधों पर है। जबकि शहर की जरूरतों के हिसाब से कम से कम 60 अनुभवी लाइनमैन की जरूरत है।

कर्मचारियों की इस कमी का असर अब बिजली उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर झेलना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि इन दिनों अघोषित बिजली कटौती से बिजली आपूर्ति बाधित होने पर लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बिजली गुल होने की आशंका और शिकायतों के निराकरण में देरी ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। मुख्य बात है कि लगातार शहर का विस्तार हो रहा है। नए आवासीय क्षेत्रों के साथ बिजली कनेक्शनों और आपूर्ति व्यवस्था का दायरा भी बढ़ रहा है। ऐसे में बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों और अन्य उपकरणों में आने वाली खामियों को तत्काल दूर करने के लिए पर्याप्त तकनीकी अमले की जरूरत होती है, लेकिन विभाग में अनुभवी कर्मचारियों की कमी के चलते शिकायतों का समय पर निराकरण करना चुनौती बनता जा रहा है। एक साथ कई क्षेत्रों में फॉल्ट आने पर इसका असर और ज्यादा दिखाई देता है। वर्तमान में 50 फीसदी अनुभवी कर्मचारियों से ही कम लिया जा रहा है। जिसकी वजह से समय पर बिजली आपूर्ति नहीं होने पर लोगों को परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए बिजली विभाग ने 36 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को भी तैनात किया है।

हालांकि, इनमें से अधिकांश कर्मचारियों के पास बिजली से जुड़े तकनीकी कार्यों का पर्याप्त अनुभव नहीं है। ऐसे में इन कर्मचारियों से श्रम संबंधी कार्य तो कराए जाते हैं, लेकिन जोखिम वाले तकनीकी कामों के लिए अनुभवी लाइनमैन की जरूरत बनी रहती है। बिजली लाइनों और उपकरणों से जुड़े कार्यों में सुरक्षा और तकनीकी दक्षता महत्वपूर्ण होती है। इसलिए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को भी अनुभवी कर्मियों की निगरानी में काम करना पड़ता है। इस व्यवस्था में अतिरिक्त कर्मचारी होने के बावजूद तकनीकी काम करने वाली टीमों की संख्या अपेक्षा के अनुरूप नहीं बढ़ पा रही है। हर टीम के साथ अनुभवी लाइनमैन की तैनाती करने से उपलब्ध तकनीकी स्टाफ पर काम का बोझ बढ़ जाता है। नतीजतन, कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए किए गए इंतजाम भी बिजली व्यवस्था को अपेक्षित गति नहीं दे पा रहे हैं।



### दोनों जोन में 30-30 अनुभवी लाइनमैन की जरूरत

शहर की आबादी, भौगोलिक विस्तार और बिजली व्यवस्था के बढ़ते दायरे को देखते हुए जोन-1 और जोन-2 में कम से कम 30-30 अनुभवी लाइनमैन की जरूरत बताई जा रही है। इस हिसाब से पूरे शहर में 60 अनुभवी लाइनमैन होने चाहिए, लेकिन फिलहाल इनकी संख्या केवल 30 है। यानी विभाग जरूरत के मुकाबले लगभग 50 प्रतिशत अनुभवी तकनीकी स्टाफ की कमी के साथ काम कर रहा है। इस कमी का असर सामान्य दिनों में तो दिखाई देता ही है, लेकिन आंधी-बारिश या किसी अन्य आपात स्थिति में हालात अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाते हैं। इसके अलावा यदि कुछ कर्मचारी छुट्टी पर चले जाएं या किसी कारण से ड्यूटी पर उपलब्ध न हों, तो पहले से सीमित स्टाफ पर दबाव और बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में शिकायतों के निराकरण में देरी की आशंका भी बढ़ जाती है।

### चार सक्रिय गैंग की जगह अब मुश्किल से दो टीमें

शहर में पहले बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण और आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए चार सक्रिय गैंग काम करती थीं। इन टीमों के रहने से अलग-अलग क्षेत्रों में एक साथ आई खराबियों को दूर करने में सहूलियत होती थी, लेकिन वर्तमान में अनुभवी कर्मचारियों की कमी के कारण मुश्किल से दो गैंग ही तैयार हो सकी है । जिन पर पूरे शहर का भार है। इसका असर फील्ड में होने वाले कामकाज पर साफ दिखाई देता है। यदि एक ही समय में किसी इलाके में ट्रांसफार्मर खराब हो जाए, दूसरे क्षेत्र में डीओ गिर जाए और किसी अन्य स्थान पर पेड़ गिरने से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो जाए, तो विभाग के सामने सभी जगह तत्काल टीम भेजने की चुनौती खड़ी हो जाती है। सीमित गैंग होने के कारण शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर एक-एक कर निपटाना पड़ता है। इस दौरान जिन क्षेत्रों में टीम पहुंचने में देरी होती है, वहां के उपभोक्ताओं को बिजली बहाल होने का इंतजार करना पड़ता है। कई बार छोटी तकनीकी खराबी के सुधार में भी घंटों लग जाते हैं।

> अनुभवी व नियमित लाइनमैन की भर्ती काफी लंबे से शासन स्तर से ही नहीं हुई है। जिसकी वजह से आपातकाल में परेशानी होती है। कर्मचारियों की कमी होने के कारण रोटेशन प्रक्रिया से भी काम लिए जाते हैं।
> **गुंजन शर्मा, अधीक्षण यंत्री**
> सीएसईबी, रायगढ़

## बाइक पर घर लौट रहे युवक पर नुकीली वस्तु से किया वार

**रायगढ़।** शहर के जोगीडीपा इलाके में देर रात बाइक सवार युवक के साथ मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला करने का मामला सामने आया है। दो भाइयों ने युवक से बाइक पर घर छोड़ने के लिए कहा। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और पीठ पर नुकीली वस्तु से वार कर दिया। घटना के बाद आरोपियों में से एक ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ी राजापारा निवासी रोहित साहू 3 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे अपनी दादी को मोटरसाइकिल से छोड़ने रेलवे स्टेशन गया था। दादी को स्टेशन पर छोड़ने के बाद वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रात करीब 12:30 बजे जोगीडीपा में पुल के पास अनुभव सारथी ने उसे रुकने का इशारा किया। रोहित के रुकने पर अनुभव सारथी और उसका भाई उससे दोनों को मोटरसाइकिल पर बैठाकर घर तक छोड़ने के लिए कहने लगे। रोहित ने मना किया तो दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान अनुभव सारथी ने जेब से नुकीली वस्तु निकालकर रोहित की पीठ पर वार कर दिया।

## सर्विस सेंटर में ट्रायल के दौरान मोटर साइकिल में लगी आग

### शोरूम प्रबंधन से की उचित क्षतिपूर्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ढिमरापुर स्थित अपराजिता टीवीएस सर्विस सेंटर में मोटरसाइकिल की सर्विसिंग के दौरान आग लगने का मामला सामने आया है। आशुतोष उपाध्याय ने सर्विस सेंटर प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और क्षतिपूर्ति की मांग की है। उनका कहना है कि कई महीनों तक सर्विस सेंटर के चक्कर लगाने के बावजूद उनकी मोटरसाइकिल की खराबी दूर नहीं हुई और 28 अगस्त को ट्रायल के दौरान बाइक में आग लग गई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने अपनी बाइक चेन-स्प्रोकेट बदलवाने के लिए सर्विस सेंटर में जमा की थी। इसके लिए करीब 5 हजार 500 रुपये का खर्च बताया गया था। पार्ट बदलने के बाद बाइक से असामान्य आवाज आने लगी। समस्या की शिकायत लेकर वे पर 7-8 बार सर्विस सेंटर पहुंचे, लेकिन खराबी दूर नहीं हुई। बाद में संचालक भगवती प्रसाद अग्रवाल से मुलाकात के बाद भी समस्या बनी रही। आशुतोष के मुताबिक, बाद में बाइक के ट्रायल के दौरान वह अचानक बंद हो गई। इसके बाद मरम्मत का खर्च करीब 30 हजार रुपये बताया गया और वाहन लंबे समय तक सर्विस सेंटर में खड़ा रहा। 28 अगस्त को बाइक तैयार होने की सूचना मिलने पर वे सर्विस सेंटर पहुंचे। जब मैकेनिक के बाइक स्टार्ट की तब पेट्रोल ओवरफ्लो होकर फैल गया और मोटरसाइकिल बंद हो गया। पेट्रोल पूरी तरह साफ या सूखने से पहले ही मैकेनिक ने स्पार्क प्लग निकालकर बाइक की बॉडी पर स्पार्क चेक किया। इसी दौरान अचानक आग भड़क गई। आग लगने के समय तत्काल पर्याप्त अग्निशमन व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। फायर एक्सटिंग्विशर लाए जाने तक आग ने बाइक के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आशुतोष ने सर्विस सेंटर पर उनकी बाइक की बैटरी बदले जाने का भी आरोप लगाया है। सेंटर से दूसरी बैटरी दिए जाने के बाद जब वे उसे अमरोन सर्विस सेंटर लेकर गए, तो पता चला कि वह बैटरी किसी अन्य मोटरसाइकिल, की थी। आशुतोष उपाध्याय ने संबंधित टीवीएस डीलर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वाहन के नुकसान की उचित भरपाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि मामले का संतोषजनक समाधान नहीं हुआ तो वे उपभोक्ता संरक्षण फोरम सहित संबंधित कानूनी और प्रशासनिक संस्थाओं में शिकायत दर्ज कराएंगे।



## पुरानी रंजिश में युवक से की मारपीट, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** शहर के राजीव नगर में पुरानी रंजिश और पैसों के लेन-देन को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजू देवांगन पिता शंकर प्रसाद देवांगन निवासी राजीव नगर मजदूरी का काम करता है। 3 अक्टूबर की सुबह करीब 7 बजे वह राजीव नगर स्थित सोनी जनरल स्टोर के सामने था। इसी दौरान राधे महंत निवासी राजीव नगर वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश तथा पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद करने लगा। राधे महंत ने राजू देवांगन गाली गलौज करते हुए मारपीट भी की और उसका गला दबाया। इससे उसके गले में चोट आई । इसके बाद राजू देवांगन ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## जंगली सुअरों को पकड़ने वन विभाग ने लगाए पिंजरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेंगालपाली सर्किल क्षेत्र में जंगली सुअरों की बढ़ती आवाजाही ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। जंगल से निकलकर जंगली सुअरों के झुंड गांवों के आसपास और खेतों में पहुंच रहे हैं। इससे जहां मूंगफली और सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं ग्रामीणों में हमले की आशंका को लेकर डर बना हुआ है। ऐसी स्थिति को देखते हुए वन विभाग ने कर्राजोर में जंगली सुअरों को पकड़ने के लिए तीन पिंजरे लगाए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेंगालपाली सर्किल के झारमुड़ा, सारसमाल, लिंजिर, पुसलदा, जामपाली, सुर्री और कर्राजोर सहित आसपास के गांवों में जंगली सुअरों की लगातार मौजूदगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय ये झुंड खेतों में पहुंचकर मूंगफली सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जंगली सुअरों की आवाजाही के बीच कर्राजोर क्षेत्र में पिछले दिनों एक महिला पर हमले की घटना भी सामने आई थी। इस हमले में महिला घायल हो गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों में जंगली सुअरों को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

मुख्य रूप से छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण बेहद चिंतित हैं। खेतों में काम करने और गांव के आसपास आने-जाने के दौरान भी लोगों को सतर्क रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने लगातार बढ़ रही समस्या की जानकारी वन विभाग को दी थी। इसके बाद वन परिक्षेत्राधिकारी संजय लकड़ा सहित विभागीय टीम ने प्रभावित गांवों और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जंगली सुअरों की मौजूदगी को देखते हुए कर्राजोर में उन्हें पकड़ने के लिए तीन पिंजरे लगाए गए हैं। साथ ही वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही है।



### वन विभाग ने शुरू की पकड़ने की कोशिश

बता दें कि सूचना मिलने के बाद बीते दिनों वन अमला मौके का जायजा लेने कर्राजोर पहुंचा था। जहां ग्रामीणों से चर्चा करने और वस्तु स्थिति को देखते हुए प्रकरण तैयार कर प्रक्रियाएं आगे बढ़ाई गई। इसी के तहत अब जंगली सुअरों को पकड़ने के लिए तीन पिंजड़े अलग-अलग जगहों पर लगाए गए हैं। पिंजडों को उन जगहों पर लगाया गया है, जहां जंगली सुअरों की अक्सर आवाजाही बनी रहती है।

## डेढ़ लाख के कर्ज के बदले जमीन हड़पी आदिवासी महिला ने की शिकायत

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में एक आदिवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर डेढ़ लाख रुपये के कर्ज के बदले अपनी पैतृक जमीन हड़पने की कोशिश किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। नवापाली निवासी सरस्वती सिदार ने लिखित शिकायत देकर मामले की जांच और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पीडित महिला ने बताया कि कर्ज की राशि के एवज में उसकी ऋण पुस्तिका बतौर गारंटी के रूप में रखी गई थी, लेकिन बाद में उसकी जानकारी के बिना जमीन के संबंध में फर्जी बिक्री दस्तावेज तैयार कर राजस्व रिकॉर्ड और रजिस्ट्री पोर्टल में दर्ज करा दिया गया। करीब डेढ़ वर्ष पहले पारिवारिक जरूरत के चलते महिला को पैसों की आवश्यकता थी। उसने परिचित नरोत्तम चौहान के माध्यम से हलधर चौधरी से संपर्क किया। उसे 1.50 लाख रुपये 2 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर पर दिए गए। इसके बदले उसकी मूल ऋण पुस्तिका अपने पास रख ली । वह नियमित रूप से ब्याज का भुगतान करती रही। महिला की पैतृक जमीन ग्राम बोईरडीही के पटवारी हल्का नंबर 08 में स्थित है। यह भूमि पहले उसके चाचा के साथ संयुक्त खाते में दर्ज थी। तहसील कार्यालय में बंटवारे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब महिला राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने और नकल लेने पहुंची, तब उसे जमीन के संबंध में बिक्री दस्तावेज दर्ज होने की जानकारी मिली।

## पीवी ऐप के विरोध में पटवारी संघ का आंदोलन तेज, कल सामूहिक अवकाश व रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरीफ फसल की गिरदावरी को लेकर राजस्व पटवारी संघ और शासन के बीच चल रहा विवाद अब आंदोलन की ओर बढ़ गया है। पीवी ऐप के माध्यम से फसल के भौतिक सत्यापन के विरोध में पटवारियों ने 6 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन करने का ऐलान किया है। रायगढ़ में भी प्रांतीय धरना-प्रदर्शन और रैली निकालने की तैयारी है।

राजस्व पटवारी संघ की ओर से जारी सूचना के मुताबिक 2 अक्टूबर को ऑनलाइन माध्यम से रायगढ़ सहित प्रदेशभर के पटवारियों की बैठक हुई। इसमें प्रांतीय पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और जिला सचिवों की मौजूदगी में पीवी ऐप को लेकर चल रहे विवाद और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। संघ ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार पटवारी पीवी ऐप के माध्यम से गिरदावरी का काम नहीं करेंगे। संघ का तर्क है कि ऐप के जरिए खेत के प्रत्येक कोने तक पहुंचकर भौतिक सत्यापन करना मौजूदा परिस्थितियों में व्यावहारिक नहीं है, जबकि ऐप में प्रत्येक खेत तक पहुंचना अनिवार्य किया गया है। इससे पहले भी पटवारी संघ पीवी ऐप का बहिष्कार करने की घोषणा कर चुका है। सितंबर में सामने आए विवाद के दौरान पटवारियों ने कहा था कि डीसीएस के नक्शे में तकनीकी खामियां हैं और कई स्थानों पर खेतों के विभाजन की स्थिति डिजिटल रिकॉर्ड में सही तरीके से दर्ज नहीं है। वहीं खरीफ फसल और खेतों में पानी भराव के बीच हर खेत के चारों कोनों की जीपीएस आधारित फोटो लेना भी चुनौतीपूर्ण बताया गया था।



### प्रभावित किसानों ने खरसिया विधायक से की मुलाकात

## गीधा में पावरग्रिड-2 उपकेंद्र का विरोध, 193 एकड़ जमीन पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम गीधा में प्रस्तावित पावरग्रिड-2 उपकेंद्र के निर्माण को लेकर ग्रामीणों सहित प्रभावित किसानों ने विरोध जताया है। किसानों ने परियोजना के लिए कृषि भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई रोकने की मांग करते हुए खरसिया विधायक उमेश पटेल से मुलाकात कर आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि उपकेंद्र के लिए गीधा, छोटे मुड़पार और भैनापारा की करीब 193 एकड़ जमीन प्रस्तावित है। इससे खेती पर निर्भर परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका है।

प्रभावित किसानों के अनुसार गीधा आदिवासी बहुल क्षेत्र है। जहां बड़ी संख्या में परिवार खेती-किसानी के सहारे जीवनयापन करते हैं। प्रस्तावित परियोजना के लिए उपजाऊ और दो फसली कृषि भूमि लिए जाने से किसानों के सामने आय और रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। इस परियोजना से ग्राम गीधा की करीब 80 से 90 प्रतिशत भूमि प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में किसानों ने भूमि अधिग्रहण से पहले सभी पहलुओं पर विचार करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि कृषि भूमि उनके परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार है। यदि जमीन अधिग्रहित होती है, तो कई परिवारों की खेती पर निर्भर आय स्थायी रूप से प्रभावित हो सकती है। इसका असर केवल संबंधित किसानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कृषि आधारित रोजगार और स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। इसी आधार पर ग्रामीणों ने पावरग्रिड-2 उपकेंद्र के लिए ऐसी वैकल्पिक भूमि तलाशने की मांग की है, जहां दोफसली और उपजाऊ खेतों को नुकसान से बचाया जा सके। किसानों की प्रमुख मांग है कि पावरग्रिड-2 उपकेंद्र के निर्माण के लिए ऐसा विकल्प चुना जाए, जिससे विकास कार्य आगे बढ़ने के साथ कृषि भूमि और उससे जुड़े परिवारों की आजीविका को भी सुरक्षित रखा जा सके। किसानों ने स्पष्ट किया है कि वे बिजली से जुड़ी विकास परियोजना के विरोध में नहीं हैं। उनकी आपत्ति उपकेंद्र के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के चयन को लेकर है।



### ग्राम सभा में विरोध प्रस्ताव पारित करने का दावा

प्रभावित किसानों ने बताया है कि इस मुद्दे पर ग्राम पंचायत गीधा में ग्राम सभा आयोजित की गई थी। ग्राम सभा में प्रस्तावित उपकेंद्र की स्थापना के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से ग्राम सभा की आपत्तियों तथा किसानों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों ने उपकेंद्र के निर्माण के साथ भविष्य में होने वाले विस्तार को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि उपकेंद्र के विस्तार और विद्युत लाइनों के लिए टावर लगाए जाने से आसपास की कृषि भूमि पर भी असर पड़ सकता है। किसानों ने परियोजना से संभावित नुकसान का आकलन करने और खेती-किसानी पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखकर निर्णय लेने की मांग की है।

## शिक्षक फेडरेशन का संगठन समीक्षा, संवाद एवं प्रांतीय अधिवेशन

**शिवरीनारायण।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के संगठन समीक्षा, संवाद एवं संकल्प प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन शिवरीनारायण स्थित राम मिलेंगे आश्रम, तेंदुआधाम में हुआ। जिसमें प्रदेशभर के 33 जिलों के जिला अध्यक्ष, सभी विकासखंडों के अध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। दो दिवसीय अधिवेशन में संगठन की समीक्षा के साथ शिक्षकों के लंबित मुद्दों को लेकर तेज और निर्णायक संघर्ष की रणनीति पर मंथन किया गया। अधिवेशन का शुभारंभ फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के अध्यक्षीय संबोधन से हुआ। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा कराने के लिए फेडरेशन पूरी मजबूती से अपनी मांग रखेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से किए गए वादे केवल चुनावी घोषणा बनकर न रह जाएं, इसके लिए संगठन शासन का ध्यान लगातार आकर्षित करेगा। प्रदेश अध्यक्ष राठौर ने कहा कि शिक्षक समाज लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करता रहा है।

